## संक्षिप्त

### 24 छात्राए गार्गी पुरस्कार में चयनित

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ठ परिणाम देने पर पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजाकोठी गुलाबबाड़ी की 24 छात्राए गार्गी पुरस्कार में चयनित हुई है। प्रधानाचार्य इन्द्रा सोनगरा ने बताया कि कला संकाय में 80.95प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा एवं कला संकाय में छात्रा भूमिका ने सर्वश्रेष्ठ 89.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में 92.59 प्रतिशत प्रतिशत परिणाम रहा एवं विज्ञान संकाय में जीव विज्ञान वर्ग की छात्रा निकिता ने सर्वश्रेष्ठ 86प्रतिशत और गणित वर्ग में सुरभि गहलोत ने 85प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में 100प्रतिशत परिणाम रहा एवं वाणिज्य वर्ग संकाय की छात्रा नेहा ने 85.80प्रतिशत अंक प्राप्त किए। साथ ही साथ विद्यालय की 24 छात्रों ने 75प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया।

### ओपन रन का आयोजन

**अजमेर, (कासं)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत एक पखवाड़े तक आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की कड़ी में 'प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने' संबंधित विषय पर आधारित ओपन रन (दौड़) का आयोजन मंडल कार्यालय के समीप स्थित जीएलओ ग्राउंड पर किया गया। इसमें मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा सहित रेल कर्मचारिओं व अधिकारियों, रेलवे हॉस्पिटल के डॉक्टर व स्टाफ तथा आर पी एफ जवानों ने भाग लिया। मंडल के अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी इस प्रकार की ओपन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें रेल अधिकारियों में कर्मचारियों ने भाग लिया। ओपन रन के अंतर्गत प्लास्टिक के कचरे को कम करने, रिसाइकिल करने के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने हेतु नारों और बैनर के माध्यम सेआमजन को जागरूक किया गया। इस अवसर पर दौड़ में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण व प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने संबंधित स्लोगन लिखे बैग भी वितरित किए गए।

### रघुकुल पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

**मदनगंज-किशनगढ़,(निस)।** शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं कला व वाणिज्य संकाय में रघुकुल पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ रहा। निर्देशक प्रदीप अग्रवाल ने बताया की कला वर्ग में राधिका शर्मा ने 92 प्रतिशत, प्रियांशी जोरम 91.6, मुस्कान वैष्णव ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वाणिज्य वर्ग में आठ विधार्थियो ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। संस्था प्रधान कांता यादव ने होनहार विधार्थियो का अभिनन्दन किया। इस दौरान चेष्टा, हर्षित, चंचल, कनिका, साक्षी, लक्ष्मी, ओमप्रकाश, पवन के अलावा सांवरमल कुमावत, अनीता छिपा, इंदु आदि मौजूद रहे।

### प्रताप सिंह बारहठ की जयन्ती मनाई

**भीलवाड़ा।** अमर शहीद कु प्रताप सिंह बारहठ सेवा संस्थान शाहपुरा के तत्वाधान में शहीद कु प्रताप सिंह बारहठ की 133 वी जयन्ती समारोह इस बार कोटा मे आज 24 मई को समारोह धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। त्रिमूर्ति बारहठ स्मारक पर बारहठ वीरो को माल्यार्पण कर शाहपुरा विधायक लालाराम बेरवा, सभापति रघुनन्दन सोनी, पूर्व पालिका अध्यक्ष कन्हैया लाल धाकड़ की मौजूदगी में अमृत कलश यात्रा बस कोटा के लिए रवाना किया। इस दौरान यात्रा सयोजक कन्हैया लाल धाकड़, रामस्वरूप कबरा, राजेश सोलकी यशपाल पाटनी, सुरेश घुसर, बसंत वेष्णव, कमलेश मुंडेतिया सहित सैकड़ो क्षेत्रवासी यात्रा मे शामिल हुए।

### सफाई व्यवस्था को लेकर सांकेतिक धरना

**मदनगंज-किशनगढ़,(निस)।** कांग्रेस पार्षद दल ने शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने पर सांकेतिक धरना देने की चेतावनी दी है। प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानो ने बताया की वार्डो में सफाई व्यवस्था अस्त व्यस्त हो रखी है। वार्ड में दो महिला व एक पुरुष सफाई कर्मचारियों को लगाने से जगह जगह कचरे के ठेर लगे हुए है, नालियों की सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क पर आ रहा है। कई मर्तबा शिकायत किये जाने के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। अगर पहले की तरह सभी वार्डो में 7-8 सफाई कर्मचारियों को नहीं लगाया तो 27 मई को सांकेतिक धरना दिया जायेगा।

# रेल कर्मियों ने निकाली रैली : जागरूकता का दिया संदेश

**अजमेर, (कासं)।** मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा ने शनिवार को यहां कहा है कि समूची प्रकृति को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्लास्टिक का उपयोग कम से कम और सिर्फ आवश्यकता अनुसार ही करें।

प्लास्टिक के अंधाधुंध प्रयोग से पर्यावरण के संतुलन पर जबरदस्त विपरीत असर पड़ रहा है जो एक चिंता का विषय है।

विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़े के अंतर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर

■ **प्रकृति को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्लास्टिक का उपयोग कम से कम और सिर्फ आवश्यकता अनुसार ही करें - भूतड़ा**

मंडल पर आयोजित जागरूकता रैली का शुभारंभ करते हुए मंडल रेल प्रबंधक भूतड़ा ने कहा कि विभागीय स्तर पर भी वर्ष भर इस संबंध में अभियान चलाए जाते हैं।

रेलवे स्टेशनों पर प्लास्टिक सामग्री के प्रतिबंध के साथ-साथ रेल यात्रियों को भी जागरूक किया जाता है।

मंडल कार्यालय स्थित स्टेडियम से प्रारंभ हुई इस रैली में भारी संख्या में रेल कर्मियों तथा रेलवे सुरक्षा बल के पुरुष एवं महिला अधिकारियों एवं जवानों ने दौड़ लगाई।

यह रैली रेल परिसर की अनेक कॉलोनियों एवं शहर के मार्ग से होकर गुजरी। लगभग 3 किलोमीटर की इस दौड़ में सभी प्लास्टिक से होने वाले नुकसान तथा बचाव हेतु सुझाव के संदेश पट्टिका लेकर दौड़ रहे थे। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाएगा।

**प्लास्टिक सामग्री शरीर के लिए घातक-डॉ. सिंह**

मंडल रेलवे हॉस्पिटल के अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अजीत सिंह ने इस अवसर पर कहा कि माइक्रो प्लास्टिक अनेक सामग्रियों के माध्यम से हमारे शरीर में पहुंचकर घुल जाता है जो बहुत ही चिंता का विषय है। इससे आगे चलकर कैंसर जैसी बीमारियों की शुरुआत भी होती है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए व्यायाम और खेलकूद को जरूर अपनाएं।



**विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़े पर जागरूकता रैली निकाली।**

### कल तिरंगा व सिंदूर यात्रा का आयोजन

**आसीन्द, (निसं)।** राष्ट्रीय सुरक्षा नागरिक समिति के तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारतीय सेना के सम्मान में जिसके अंतर्गत आसींद विधानसभा क्षेत्र की विशाल तिरंगा रैली का आयोजन आज प्रातः 10 बजे सवाई भोज मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी।

विधायक जब्बर सिंह साँखला ने बताया कि तिरंगा यात्रा व सिंदूर यात्रा में सभी जाति वर्ग सामाजिक संगठन, पूर्व सैनिक, किसान, भूतपूर्व सैनिक विद्यार्थी, पूर्व एनसीसी कैडेट, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका स्काउट गाइड, कर्मचारी, सेवानिवृत कर्मचारी, महिला वर्ग, एनजीओ, सभी प्रकार के संगठन के सदस्य उपस्थित रहेंगे । सिंदूर यात्रा आसीन्द बस स्टैंड से प्रारंभ होगी जो शिव मंदिर पंचायत समिति आसीन्द समापन होगा।

तिरंगा यात्रा सह संयोजक गोपाल सिंह चुंडावत ने यात्रा की तैयारियों के बारे में बताया। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह तंवर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष फोजमल गुर्जर आसीन्द विधानसभा संयोजक अशोक तलाईच ग्रामीण महामंत्री जगदीश चंद्र गर्ग, महावीर साहू, नगर उपाध्यक्ष श्रवण लाल गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

### चतुर्थ फेज में बीसलपुर पेयजल की सप्लाई शुरू

**मदनगंज-किशनगढ़।** जलदाय विभाग द्वारा न्यू हाउसिंग बोर्ड चतुर्थ फैज के क्षेत्रवासियों के लिए बीसलपुर के पेयजल की सप्लाई शुरू चालू कर दी है। वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र पाटनी ने जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता रामचंद्र राड से संपर्क कर अवगत कराया की आवासन मंडल द्वारा डिमांड के अनुसार 12.86 करोड रुपए जमा कराने के बावजूद न्यू हाउसिंग बोर्ड के वाशिंदों को बोरिंग से प्रदत फ्लोराइड युक्त पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है, जबकि अधिकारियों द्वारा अतिरिक्त एम एल डी पानी मिलने की उपरांत ही पेयजल की आपूर्ति की जाने वाला फौरी कथन महज टालमटोल रवैया अपनाया जा रहा है। पाटनी के निरंतर प्रयास के चलते जलदाय विभाग विभाग ने बीसलपुर पानी की सप्लाई शुरू की। उन्होंने किशनगढ़ के विस्तार को देखते हुए हजारों जल संबंधों के मद्देनजर मिल रहा एमएलडी पानी अपर्याप्त तथा आवश्यकता अनुसार किशनगढ़ के लिये अपेक्षित अतिरिक्त एम एल डी पानी उपलब्ध कराने की मांग भी की।

# सिंदूर के सम्मान में नारी शक्ति मैदान में : भदेल

**अजमेर,(कासं)।** अजमेर दक्षिण की विधायक एवं सिंदूर यात्रा संयोजक अनिता भदेल ने शनिवार को होटल के.सी. इन में प्रेस वार्ता कर भारतीय सैना द्वारा आंतकवाद के विरूद्ध चलाए गए अभियान "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता के उपलक्ष्य में अजमेर में आयोजित विशाल सिंदूर यात्रा के बारे में जानकारी दी।

विधायक भदेल ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगांव की घटना हमारे लिए अफसोस जनक एवं दुखद रही है उक्त जघन्य आतंकी हमले में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने धर्म पूछकर निर्दोष नागरिकों की हत्या की थी। इस नरसंहार में 26 भारतीय नागरिकों की निर्मम हत्या की गई, जिनमें विशेष रूप से पुरुषों को निशाना बनाया गया। हमले के दौरान आतंकियों ने महिलाओं की मांग का सिंदूर तक मिटा दिया, जो भारतीय संस्कृति और नारी अस्मिता का प्रतीक है।

लेकिन हमारे वीर सैनिको ने अपने शौर्य एवं पराक्रम दिखाकर आंतकवाद को मुह तोड जबाव दिया है।

सकल महिला शक्ति, अजमेर द्वारा उनका धन्यवाद देने के लिए 25 मई को शाम 5 बजे विशाल सिंदूर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय से आरंभ होकर राजा साइकिल चौराहा पर समाप्त होगी। जिसमें अजमेर शहर की हजारो की संख्या में मातृ शक्ति की सहभागिता रहेगी। विधायक भदेल ने कहा कि अजमेर शहर की सभी मातृ शक्ति द्वारा भारत के प्रति अटूट देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर इस यात्रा में भाग लिया जा रहा है। उन्होने कहा कि हमारे देश के वीर सेनिको ने "ऑपरेशन सिंदूर" के माध्यम से आतंक को माकूल जवाब दिया और पूरी दुनिया को दिखा दिया कि भारत अपनी अस्मिता और नागरिकों की रक्षा में सक्षम है। उन्होंने कहा कि सिंदूर केवल श्रृंगार का प्रतीक नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और आत्मबल का प्रतिनिधित्व करता है। महिलाओं के लिए यह आत्मसम्मान का प्रतीक है और इसे मिटाने का प्रयास एक पूरे समाज को चुनौती देने जैसा है।

यात्रा का मार्ग - सम्राट पृथ्वीराज चौहान महाविद्यालय से शुरू होकर नर्सिंग होम हॉस्पिटल, मार्टिनडल ब्रिज, किसान बेकरी, सत्यनारायण मंदिर, मृदंग टॉकीज, दाताइन होटल से गुजरता हुआ राजा साइकिल चौराहे पर समाप्त होगी। यात्रा के समापन स्थल पर एक विशेष कलश की स्थापना की जाएगी, जिसमें महिलाओं द्वारा अपने घर से लाया गया सिंदूर शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप अर्पित करेंगी। इसके पश्चात सभी उपस्थित महिलाएं 'भारत माता की आरती करेंगी।

विधायक भदेल ने मीडिया के माध्यम से समस्त अजमेरवासियों से विशेषकर महिलाओं से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक सिंदूर यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में लाल रंग की साडी या सूट पहनकर भाग लें।

**महिलाओं के लिए रखा ड्रेस कोड:** अजमेर में भदेल ने बताया कि विशेष रूप से इस यात्रा के लिए महिलाओं के लिए लाल वस्त्र का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है जो सिंदूर के रंग और उसकी गरिमा का प्रतीक है। यात्रा के प्रारंभ से पहले आतिशबाजी और भारत माता की आरती की जाएगी। समापन स्थल पर भी भारत माता की महाआरती आयोजित की जाएगी।

### शिविर मे 76 रोगी लाभान्वित

**बिजयनगर, (निसं)।** शनिवार को होटल संचेती पैलेस मिल चौक में श्री वर्धमान सेवा संस्थान एवं कृष्ण गोपाल आयुर्वेदिक धर्मार्थ औषधालय धर्मार्थ ट्रस्ट कालेड़ा कृष्ण गोपाल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया । वैद्य राजेश कुमार शर्मा ने परामर्श करके उपचार किया तथा उप वेद्य दिनेश कुमार सेन तथा परिचारक रघुवीर वर्मा ने औषधीय तैयार करके निशुल्क वितरित की। इस शिविर में 76 रोगी लाभान्वित हुए। शिविर में रोगियों की शुगर एवं बी पी की जांच भी की गई। शुगर की जांच दिलीप कुमार तलेसरा द्वारा की गई। श्री वर्धमान सेवा संस्थान के पदाधिकारी संरक्षक घेवरचंद जैन, अध्यक्ष अनिल संचेती, मंत्री मुकेश बिलवाड़ीया, कार्याध्यक्ष नोरतमल भंडारी, कोषाध्यक्ष धन्नालाल बोहरा, संगठन मंत्री दिलीप कुमार तलेसरा, उपाध्यक्ष वृद्धिचंद पीपाड़ा व बीरदी चंद्र पीपाड़ा, उपमंत्री राकेश चोपड़ा, व रूपचंद लुणावत सह कोषाध्यक्ष प्रिंस सुराणा तथा अर्पित लुणावत संजय बाफना व उमराव बिराणी सहित सदस्यों ने बहुमूल्य सेवाएं प्रदान की।

## अभिरुचि शिविर का किया अवलोकन

**ब्यावर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के तत्वाधान में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कृष्णा कॉलोनी में ग्रीष्मकालीन कला कौशल एवं अभिरुचि शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के संस्था प्रधान मोहन सिंह चौहान ने बताया कि आज मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा कविता मौर्य ने अभिरुचि एवं कला कौशल शिविर का अवलोकन किया और विभिन्न गतिविधियों को देखा ।इस अवसर पर विद्यालय में एक समारोह आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता विमल चौहान सहायक स्टेट कमिश्नर, मुख्य अतिथि कविता मौर्य मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा, विशिष्ट अतिथि सुरेश चन्द फुलवारी सचिव स्थानीय संघ जवाजा ने की इस अवसर पर कविता मौर्य ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए व्यंजनों को चखा, उनके नृत्य को देखा, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स को देखा, मेहंदी व ब्यूटिशन प्रतियोगिता को देखा।कविता

■ **मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा कविता मौर्य ने अभिरुचि एवं कला कौशल शिविर का अवलोकन किया**

मौर्य ने कहा कि ऐसे शिविर में विद्यार्थी के ग्रीष्मकालीन अवकाश को सदुपयोगी बनाते हैं ।यह उम्र सीखने की है स्काउट गाइड बिना किसी संकोच के सारी गतिविधिया सीखे।संस्था प्रधान मोहन सिंह ने शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में 225 से अधिक स्काउट गाइड भाग ले रहे हैं।कार्यक्रम में कुंदनमल वर्मा ,नंद सिंह चौहान ,सुमित कुमार फौजदार, भगवान सिंह चौहान,विद्या,शबाना मंसूरी, प्रीति आपावत, विमला चौहान आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम का सफल संचालन कुंदन मल वर्मा ने किया।

### विशाल सिंदूर यात्रा 26 को

**भीलवाड़ा।** सिंदूर यात्रा महिला जिला समिति, भीलवाड़ा के तत्वाधान विभिन्न महिला संगठनो द्वारा 26 मई सोमवार को विशाल सिंदूर यात्रा साय 5 बजे अंबेडकर चौराहे से निकाली जाएगी जिसमें विभिन्न समाजों की महिलाएं एवं विभिन्न महिला संगठनों की प्रतिनिधि सम्मिलित होगी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना के सम्मान मे यह आयोजन होगा।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी महावीर समदानी में जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिला कार्यालय पर महिला सिंदूर यात्रा तैयारी बैठक की गई बैठक में सिंदूर यात्रा कि जिला संयोजक बरजी देवी भील जिला प्रमुख, जिला सहसंयोजक मंजू पालीवाल, जिला सह संयोजक मोहनी माली सहित विभिन्न महिला संगठन की प्रतिनिधि उपस्थित थी। महिला सिंदूर यात्रा भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन अंबेडकर सर्किल से प्रारंभ होकर गोलप्याऊ चौराया, बालाजी मार्केट, पेच के बालाजी होते हुए सूचना केंद्र चौराहे पर समापन होगा।

## हेपेटाइटिस-बी से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान शुरू

**अजमेर, (कासं)।** जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय में हेपेटाइटिस-बी से बचाव के लिए चिकित्सा कर्मियों के लिए वशिष टीकाकरण अभियान की शुरुआत की जा रही है। यह अभियान राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित होगा, जिसमें वैक्सीन सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. अनिल सामरिया ने बताया कि प्रतिवर्ष विश्व भर में लगभग 50 लाख स्वास्थ्य कर्मी हेपेटाइटिस-बी संक्रमण की चपेट में आते हैं, जिससे लीवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो सकती हैं। यह वायरस संक्रमित रक्त, सुई चुभने, शरीर के द्रवों अथवा अन्य माध्यमों से फैलता है। स्वास्थ्य कर्मियों के संक्रमित होने की संभावना आम नागरिकों की तुलना में 10 गुना अधिक होती है।

नोडल अधिकारी डॉ.मुनीष कुमार ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत

■ **यह अभियान राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित होगा, जिसमें वैक्सीन सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी**

चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर व अन्य हेल्थ स्टाफ को टीका लगाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित बैठक में अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ.श्याम भूतड़ा सहित डॉ.एमपी शर्मा, डॉ.शिव बुनकर, डॉ.नरेंद्र शाह, डॉ.कमलेश तवानी, डॉ.नेपो विद्यार्थी, डॉ.मयंक श्रीवास्तव और अन्य वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे।

# पृथ्वीराज चौहान जयंती पर हवन यज्ञ दुग्धाभिषेक, पखवाड़े का शुभारंभ

**ब्यावर, (निसं)** ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष की द्वादश सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव पर प्रातः आशापुरा माता धाम में सम्राट की प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक, के पश्चात ध्वजारोहण और दिव्य मंत्रोच्चारण से राष्ट्र के शत्रुओं के विनाश हेतु एवं गृह समृद्धि हेतु यज्ञ हवन किया गया।कार्यक्रम प्रमुख सूरज प्रताप सिंह राजियावास ने जानकारी देते हुए बताया कि आज जयंती के अवसर पर सम्राट की प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक, ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात पुष्कर कपालेश्वर महादेव के पीठाधीश महंत श्री श्री 1008 सेवानंद गिरी जी महाराज और विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री उमाशंकर के पावन सानिध्य में विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष नेम सिंह चौहान सहित 21 जोड़ो ने यज्ञ हवन में भाग लिया।समिति के सह संयोजक विक्रान्त सिंह रावत ने बताया कि सम्राट

■ **सूरज प्रताप सिंह राजियावास ने बताया कि आज जयंती के अवसर पर सम्राट की प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक, कार्यक्रम के पश्चात पुष्कर कपालेश्वर महादेव के सेवानंद गिरी जी महाराज और विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री उमाशंकर के पावन सानिध्य में विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष नेम सिंह चौहान सहित 21 जोड़ो ने यज्ञ हवन में भाग लिया**

पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समारोह समिति के तत्वावधान में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम मगरे क्षेत्र हर गांव ढाणी में मनाया जायेगा हैं। आज 25 मई को रक्तदान सिटी डिस्पेंसरी में रक्तदान शिविर कार्यक्रम आयोजित होगाजिसके अंतर्गत लगभग 618 ग्रामों तक गांव गांव पृथ्वीराज चौहान का जीवन संदेश पहुंचाया जाएगा। 5 जून को समापन कार्यक्रम आशापुरा माता धाम में विशाल जनसभा एवं चीता मेहरात हिन्दू मेरवाड़ा महासभा के द्वारा विवाह सम्मेलन के रूप में होगा।

जिसमें मुख्य अतिथि राजस्थान की कैबिनेट मंत्री दीया कुमारी, मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के मंत्री सुंधाशु पटनायक, अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री उमाशंकर, विशिष्ट अतिथि राजस्थान सरकार केबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत, केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, राजसमन्द सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ सहित और ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत और भीम विधायक हरी सिंह रावत की गरिमामय में उपस्थित रहेगी रहेगी।

मगरे के क्षेत्र प्रमुख संतजनों का आशीर्वाद जन मानस को प्राप्त होगा। इस अवसर पर समिति परियोजना प्रमुख लक्ष्मीनारायण, समिति के अध्यक्ष राम सिंह बुटीवास, सहसंयोजक श्रवण सिंह धोलादांता, चीता मेहरात हिन्दू महासभा के पूर्व अध्यक्ष छोटू सिंह कानाखेड़ा, अजमाल सिंह काठात, वीरेंद्र सिंह चौहान, सोहन सिंह चौहान शेखावास, महेन्द्र शिशोदिया, प्रेम सिंह चीता, सज्जन सिंह ,अशोक सिंह खरेकड़ी, सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### 'आप पदाधिकारियों से मिले प्रदेश उपाध्यक्ष'

**ब्यावर ।** आगामी निकाय चुनावों की घोषणा होने बाद सभी पार्टियों में राजनीतिक एवं संगठनात्मक हलचल तेज हो चुकी है। इसी के चलते शनिवार को आम आदमी पार्टी की ब्यावर इकाई के पदाधिकारियों के साथ आप के राष्ट्रीय नेता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कवि शहनाज हिन्दुस्तानी ने मीटिंग की जिसमे आगामी निकाय चुनाव में ब्यावर नगर पालिका के 60 वार्डों में जनता के मुद्दों एवं जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए अपने सभी साथियों को जोश और निष्ठा के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया ।शहनाज हिन्दुस्तानी अपने निजी प्रयोजन के तहत अपनी ही पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं कर्मठ साथी एडवोकेट नीलेश बुरड़ के पिता श्री विमल चंद बुरड़ की शोक सभा में सम्मिलित होने उनके निवास स्थान गये। इसके पश्चात वे अपने ब्यावर के पदाधिकारों से मिले आगामी निकाय चुनावों में पार्टी की रणनीति पर गहन चर्चा की।

## सार-समाचार

### 31 मई तक नाम नहीं हटाये तो कसेगा कानून का शिंकजा

**अजमेर, (कासं)।** खाद्य सुरक्षा योजना की पात्रता खो चुके 3375 परिवारों के 12656 सदस्यों ने सरकार की प्रस्तावित कार्यवाही के डर से स्वेच्छा से अपने नाम हटवा लिये हैं। अभियान की अंतिम तिथि 31 मई सरकार द्वारा निर्धारित की गई है। यदि इसके बाद कोई परिवार पात्रता नहीं रखने के बावजूद खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ लेता है तो उस पर विभाग कार्यवाही के साथ ही 27 रूपये प्रति किलो अथवा बाजार दर के हिसाब से वसूली की जाएगी। जिला रसद अधिकारी (द्वितीय) नीरज कुमार जैन ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अवैध रूप से लाभ लेने वाले लाभार्थियों के लिए गिव-अप अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी खाद्य सुरक्षा योजना में अवैध रूप से लाभ उठा रहे हैं तो उनके नाम काटे जा रहे हैं। वे उपभोक्ता एवं परिवार स्वयं अभियान के तहत योजना से नाम कटवा सकते हैं। विभाग के पास सभी अपात्र परिवारों की सूची तैयार है। वे स्वयं अंतिम तिथि से पूर्व नाम नहीं हटवाते हैं तो 01 जून से विभागीय कार्यवाही शुरू की जाएगी। साथ ही विधिक कार्यवाह भी अमल में लाया जायेगा। जिला रसद कार्यालय ग्रामीण (द्वितीय) अजमेर के क्षेत्र में अब तक 396 सक्षम व्यक्तियों को नोटिस जारी किये जा चुके हैं।

### ऋण ब्याज अनुदान के लाभ के आदेश जारी

**मदनगंज-किशनगढ़,(निस)।** लघु उद्योग भारती द्वारा किये गये सार्थक प्रयास से संगम ठोनी मार्मो किशनगढ़ को मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना के तहत उद्योग विभाग ने ऋण ब्याज अनुदान के लाभ का आदेश जारी किया। एचडीएफसी बैंक ने इस फर्म को बीबीजी वर्किंग केपिटल टर्म लोन के रूप में ऋण दिया, जिसे उद्योग विभाग ने पूर्व में वर्किंग केपिटल लोन मानकर ब्याज अनुदान हेतु अपात्र मान लिया था, जबकि एचडीएफसी बैंक द्वारा ऋण को टर्म लोन के रूप में दिया जाने का स्पष्टीकरण दिया जा चुका था। लघु उद्योग भारती से मुकेश अग्रवाल व उमेश गोयल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चन्द्र को समस्या के बारे में अवगत कराया। उन्होंने समस्या को समझने के बाद महेंद्र मिश्रा को उद्योग विभाग से संपर्क कर उद्यमी को आवश्यक राहत दिलाने हेतु नामित किया। बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति दस्तावेज एवं मशीनरी के बिल सहित भुगतान के स्टेटमेंट प्रस्तुत किये। सत्यापित पाये जाने पर ऋण ब्याज अनुदान का पात्र मानते हुए उद्योग विभाग ने जिला उद्योग केंद्र अजमेर को योजना का लाभ प्रदान करने का आदेश जारी किये। अध्यक्ष उमेश गोयल ने राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाशचन्द्र व महेंद्र मिश्रा के प्रति आभार जताया।

### बच्चों की प्रतिभा निखार रहा है कला अंकुर का समर कैंप

**अजमेर, (कासं)।** कला अंकुर संस्थान जो की शास्त्री नगर में स्थित है प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर कैंप का आयोजन करता आ रहा है। इस वर्ष भी कला अंकुर संस्थान द्वारा 15 मई से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। आज समर कैंप का दसवां दिन है इस कैंप में नृत्य, संगीत, चित्रकला, पेंटिंग, स्केचिंग, हारमोनियम, तबला, गिटार, कीबोर्ड, अभिनय आदि की कक्षाएं अनुभवी शिक्षकों द्वारा संचालित की जा रही हैं। प्रत्येक उम्र के प्रतिभागी बड़ी तन्मयता और उत्साह से विभिन्न गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। यह समर कैंप बच्चों के लिए अत्यंत आकर्षक का केंद्र बना हुआ है तथा अभिभावक भी बड़े उत्साह के साथ अपने बच्चों को केंद्र पर भेज रहे हैं। समर कैंप की प्रभारी अंजना बोगावत ने बताया कि बच्चे अत्यधिक उत्सुकता व आनंद के साथ इस शिविर में भाग ले रहे हैं। कैंप प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकास एवं कौशल निर्माण में सहायक सिद्ध हो रहा है। यह समर कैंप अगले 10 दिन और चलेगा। कला अंकुर संस्थान के वरिष्ठ सदस्यों की देखरेख में कलात्मक गतिविधियों से सराबोर कैंप सुचारु रूप से संचालित हो रहा है।

### तोपदड़ा फुट ओवर ब्रिज बना अपराधियों की शरणस्थली

**अजमेर, (कासं)।** कचहरी रोड से तोपदड़ा को जोडने वाला रेलवे फुट ओवर ब्रिज अपराधियों की शरणस्थली बन रहा है। यह पुल कभी दो क्षेत्रों को जोडने का सुगम पैदल मार्ग था, लेकिन अब अराजकता, गंदगी और अप्राकृतिक कृत्यों का अड्डा बन चुका है। रात के अंधेरे में यहां नशे में धुत्त युवा और किन्नरों की संदिग्ध गतिविधियां आम हो गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों का खासकर महिलाओं को इस पुल से निकलने में भारी असहजता और भय व्याप्त हो गया है। स्थानीय नागरिकों दिनेश गोस्वामी, क्षेत्रवासियों सहित जनसेवा समिति के पदाधिकारी रमेश लालवानी ने बताया कि कचहरी रोड और तोपदड़ा को जोडने के लिए इस पुल का निर्माण 1980 में किया था, जिसका उद्देश्य तोपदड़ा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को रेलवे लाइन से होकर गुजरने के बजाए इस पुल का उपयोग करते हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पुल के आस-पास तीन पुलिस थाने जीआरपी, क्लॉक टावर और कोतवाली होने के बावजूद भी यह पुलिया अब असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बनता जा रहा है।

### भूल सुधार

राष्ट्रदूत के दिनांक 23.05.2025 के अंक में कार्यालय ग्राम पंचायत काशीर पंचायत समिति अरांई(अजमेर) के विज्ञापन में ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत काशीर पंचायत समिति अरांई(अजमेर) व प्रशासक ग्राम पंचायत काशीर पंचायत समिति अरांई अजमेर पढ़ा जावें।


**AJMER VIDYUT VITRAN NIGAM LIMITED**
Corporate Identification Number (CIN) – U40109RJ2000SGC016482
Registerd Office: Vidyut Bhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer-305004
Office of The Superintending Engineer (Civil)
Email-secivilavvnl@gmail.com ; http://energy.rajasthan.gov.in/avvnl

No. : AVVNL/SE/CIVIL/AJM/FC: D : 358 Date : 22/05/2025

**निविदा सूचना संख्या 03 (2025-26)**

केन्द्र / राज्य सरकार के विभागों में 'ए' व 'एए' श्रेणी तथा अ.वि.वि.नि.लि. के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत, अनुभवी तथा माल एवं सेवाकर विभाग से पंजीकृत निविदाकारों से अधिशाषी अभियंता (सिविल / सिविल-QC), अजमेर / उदयपुर / सीकर / चितौड़गढ़ के अधीन सिविल कार्यों के लिए निविदाऐं UBN No. AVV2526WSOB00085 to AVV2526WSOB00098, AVV2526WSOB00100 to AVV2526WSOB00106, AVV2526WSOB00114 to AVV2526WSOB00129 आमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in** व **http://energy.rajasthan.gov.in/avvnl** पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/2970 अधीक्षण अभियन्ता (सिविल)

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर
Website:-www.rajasthan.gov.in/ada | Email: ajmerada@gmail.com, ada.ajmer11@gmail.com
Tel. No. :-0145-2627748, 2627749

क्रमांक अविप्रा / योजना/2025-26/ दिनांक 25.05.2025

**-: आम सूचना:-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर द्वारा प्राधिकरण की नवीन अटल आवासीय योजना, चाचियावास, अजमेर में राजस्थान नगरीय निकाय (भूमि निष्पादन) नियम 1974 के प्रावधानान्तर्गत निर्धारित प्रक्रिया एवं मापदण्ड अनुसार विभिन्न श्रेणी के 191 सामान्य भूखण्डों का आवंटन सार्वजनिक लॉटरी के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है।

आवंटन के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार के आरक्षण की श्रेणी, पात्रता, शर्तें, आवेदन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी मय आवेदन पत्र बुकलेट में वर्णित है। योजना की ऑनलाईन बुकलेट प्राधिकरण की वेबसाईट https://ada.rajasthan.gov.in पर जून माह के प्रथम सप्ताह से उपलब्ध होगी। आवेदन पत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन माध्यम से ही भरा जायेगा तथा योजना में आवेदन करने की प्रारम्भ तिथि की सूचना पृथक से प्रसारित की जायेगी। किसी भी प्रकार का ऑफलाईन आवेदन स्वीकार्य नही होगा। अटल आवासीय योजना के शेष कॉर्नर एवं व्यावसायिक भूखण्डों की ई-नीलामी नगरीय विकास विभाग राजस्थान जयपुर के पोर्टल के माध्यम से की जायेगी।

(अनिल कुमार पूनियाँ)
सचिव, अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर